# महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्,गोरखपुर

## संस्थापक–समारोह 2025

(4 दिसम्बर से 10 दिसम्बर)

मो. : 9140775309
9807715902
9451851216

प्रतियोगितापरिणाम एवंअन्य जानकारी के लिए देखेंwebsite –www.mpspgkp.in

**मुख्य संरक्षक : गोरक्षपीठाधीश्वरमहन्तयोगीआदित्यनाथजीमहाराज, माननीय मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश**

दिनांक 19.11.2025

## प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का **उद्घाटन 04 दिसम्बर 2025 को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, परिसर, गोलघर, गोरखपुर** में आयोजित होगा। जिसमें **मुख्य अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष, आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश ले.ज. योगेन्द्र डिमरी** होंगे। **मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 10 दिसम्बर 2025 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर (आडिटोरियम) आरोग्य धाम, बालापार रोड सोनबरसा, गोरखपुर** में आयोजित होगा। जिसमें **मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यपाल, उत्तराखण्ड, ले.ज.गुरमीत सिंह जी** होंगे। दोनो ही कार्यक्रमों की **अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश** करेंगे।

**उद्घाटन से पहले 23 नवम्बर एन.सी.सी. दिवस के अवसर पर सर्वोत्तम एन.सी.कैडेट चयन प्रतियोगिता और पी.टी. प्रतियोगिता** का आयोजन क्रमशः **महाराणा प्रताप इण्टर कालेज सिविल लाइन्स, गोरखपुर व महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्य धाम बालापार, गोरखपुर** में किया जायेगा। उक्त दोनों प्रतियोगिताओं में आवेदन की **अन्तिम तिथि 20 नवम्बर 2025** निर्धारित की गयी है।

समारोह में दिये जाने वाले 07 स्वर्ण पदक, योग्यता छात्रवृत्ति, क्रीड़ा छात्रवृत्ति, विशेष छात्रवृत्ति एवं महत्वपूर्ण स्मृति पुरस्कारों हेतु निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करने की अन्तिम तिथि **25 नवम्बर 2025** निर्धारित की गयी है। शेष सभी प्रतियोगिताओं हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि **30 नवम्बर 2025** निर्धारित की गयी है। सभी प्रतियोगिताओं हेतु आवेदन महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के **Email-mpspgkp@gmail.com** पर स्वीकार किया जायेगा। समारोह से जुड़ी सम्पूर्ण जानकारी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की वेबसाइट **www.mpspgkp.in** पर अपलोड की जा चुकी है।

**आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताएँ–**

राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता (वरिष्ठ वर्ग), युग पुरूष महन्त दिग्विजयनाथ एवं राष्ट्र संत महन्त अवेद्यनाथ की स्मृति में राज्य स्तरीय बास्केट बाल एवं वालीबाल प्रतियोगिता, योगासन, गोरखवाणी, चित्रकला, अन्त्याक्षरी, सामान्य ज्ञान, सुलेख (हिन्दी एवं अंग्रेजी), श्रीमद्भगवद् गीता, श्रीरामचरितमानस, संगीत गायन, भाषण (हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत) एवं खेलकूद (कबड्डी, वालीबाल) प्रतियोगिता आयोजित होंगी।

**डॉ.(नितीश शुक्ला)**
**सदस्य–संचालन समिति**
**संस्थापक सप्ताह समारोह–2025**
**महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्**
**गोरखपुर**